संक्षिप्त

नवल किशोर योग शिक्षक नियुक्त

नवल किशोर

देवली, (निसं)। नवल किशोर पारीक को आर्ट ऑफ लिविंग का योग शिक्षक नियुक्त किया गया है। नवल किशोर पारीक 4 जिलों में आर्ट ऑफ लिविंग का प्रशिक्षण देंगे। पारीक ने बताया कि उन्हें आर्ट ऑफ लिविंग योग शिक्षक पद पर नियुक्त किया गया है। वह टोंक, अजमेर केकडी, शाहपुरा में अपनी सेवाएं देंगे। पारीक को 12 जून 2024 से 30 जून 2025 की अवधि में इन जिलों में संस्था की ओर से निर्देशित विभिन्न योग प्रशिक्षणों व गतिविधियों को आयोजित कर आमजन में योग की चेतना जागृत करनी है। इसके लिए पारीक को इन जिलों के जिला समन्वयकों से मिलकर योग गतिविधियों के प्रारूप तैयार करने के गुर बताए गए हैं।

बेजुबान पक्षियों के लिए परिन्डे लगाये

शाहपुरा, (निसं)। कस्बे के पशु चिकित्सालय के सामने स्थित मोक्षधाम में स्वर्गीय रिछपाल सैनी की स्मृति में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के पाँच परिंडे बाँधकर रोज पानी डालने का संकल्प लिया। इस इस दौरान राजेंद्र सैनी, अशोक सैनी, बिल्लू जागिड निठारा, लोकेश सैनी, विक्रम सैनी, जितेन्द्र सैनी ने अलग-अलग पेडों पर पाँच परिंडे लगाये।

आगजनी से घरेलू सामान राख

बौंली-बामनवास, (निसं)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत झनूण के थडी गांव में शनिवार को एक छप्पर पोस बाडे में अचानक आग लग गई। इस आगजनी में पीडित श्यामलाल गुर्जर की बाडे में बंधी एक भैंस की मौत हो गई व एक अन्य घायल हो गई एवं चारा, गेहूं घरेलू सामान व कुछ नगदी भी आगजनी में जलकर राख हो गए। सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे एवं कुएं से पानी निकाल इंजन चलाकर 1 घंटे में आग पर काबू पाया। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर आग लगने से हुए नुकसान का जायजा लिया।

अवैध बजरी ले जाते दो वाहन जब्त

टोंक, (निसं)। बरोनी थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन के तहत एक डम्पर एवं ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त किया गया। बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि थाना की गठित विशेष टीम के दोराने गस्त ग्राम हांडीकलां चौराहा से डम्पर को अवैध बजरी से भरा हुए को जप्त किया। इसी प्रकार बरोनी के बैरवा ढाणी ग्राम पहाडी से एक ट्रैक्टर-ट्रोली को अवैध बजरी के साथ जप्त कियां दोनो वाहनो को सुरक्षार्थ थाना परिसर में खडा करवाकर मालिक व चालक के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 19 जून को

कोटपूतली, (निसं)। यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में एम.ए. फाईनल के स्वयंपाठी विधार्थियों की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा आगामी 19 जून को प्रात: 08 बजे से प्रारम्भ होगी। परीक्षार्थी अपनी प्रायोगिक परीक्षा का प्रवेश पत्र व आधार कार्ड लेकर परीक्षा में शामिल होवें।

नीट परीक्षा में धांधली की जांच की मांग

कोटपूतली, (निसं)। नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड के निर्देश पर शनिवार को एनएसयुआई कार्यकर्ताओं ने राकेश मुक्कड के नेतृत्व में राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाकर परीक्षा में हुई धांधली व एनटीए के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की। इस मौके पर छात्रसंघ प्रतिनिधि प्रदीप कसाना, स्कॉलर्स अकादमी के निर्देशक सुनील मुक्कड, राकेश पहलवान, राहुल, हर्ष, विनोद, विशाल, हिम्मत, मोनू, रवि, अभिषेक शर्मा, राहुल जाखड, अजीत जाट, सचिन, अनिल, प्रदीप, मनोज आदि ने अभियान में भाग लिया।

होम्योपैथिक शिविर का आयोजन आज

श्रीमाधोपुर, (निसं)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा 16 जून रविवार को 'नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथी शिविर' का 433 वां शिविर एम एस हॉस्पिटल के पास स्थित स्व. चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगेगा।

अलवर का चहुंमुखी विकास करना पहली प्राथमिकता : भूपेंद्र यादव

- भर्तृहरी धाम व जगन्नाथ मंदिर पहुंच क्षेत्र व देश की खुशहाली मांगी

अलवर/किशनगढ़बास, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश में बनी तीसरी बार सरकार में अलवर से सांसद और मोदी सरकार में एक बार फिर से बने पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव शुक्रवार की देर रात अलवर पहुंचे और सडक दुर्घटना में घायल हुए पूर्व विधायक रामहेत यादव की कुशलक्षेम जानने के लिए उनके घर पहुंचे और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक ने मंत्री भूपेंद्र यादव को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

शनिवार सुबह अलवर सांसद व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सुबह महाराजा भर्तृहरि की तपोस्थली भर्तहरी धाम व अलवर जगन्नाथ मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना कर क्षेत्र व देश की खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत मंत्री भूपेंद्र यादव ने अलवर जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और समस्याओं की सुनवाई की। अलवर के विकास और पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। विस्तार से अलवर की पानी की स्थिति को समझा और आवश्यक समाधान के निर्देश दिए।

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने पेयजल संबंधी व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिये।

कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री ने अलवर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की ओर कहा कि अलवर ने मुझे सांसद के रूप में चुनकर गौरव का अवसर प्रदान किया है। सभी के आशीर्वाद से सेवा करने का अवसर मिला है। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों को धरातल पर लागू कर अलवर जिले का चहुमुंखी विकास करना पहली प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने सरिस्का अभयारण्य में बाघों के बढते कुनबे पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अलवर जिले को केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री व राज्य में भी वन एवं पर्यावरण मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसका लाभ उठाते हुए सरिस्का को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईको ट्यूरिज्म स्थल बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की कुल 6 करोड 30 लाख लीटर पानी सप्लाई की क्षमता है तथा अभी 3 करोड लीटर पानी सप्लाई की जा रही है। शहर में 340 नलकूपों में से 140 नलकूपों से पेयजल सप्लाई की जा रही है। अलवर शहर को 59 पेयजल जोनों में बांटकर जोन वाइज पेयजल सप्लाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पेयजल समाधान हेतु भूगर्भ के पानी स्थिति का आकलन करने एवं सुचारू पेयजल सप्लाई का अध्ययन करने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, नगर निगम के महापौरघनश्याम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पं. धर्मवीर शर्मा , संजय सिंह नरूका, पं. जलेसिंह, राम अवतार चौधरी, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, सतीश यादव, सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं पत्राकारगण उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता से पहले मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने सर्किट हाउस में जिले में पेयजल संबंधी व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री यादव ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा कर फीडबैक लिया।

विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग

राजगढ, (निसं)। कस्बे में शनिवार को प्रात: करीब 4 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रहने से आम जनजीवन त्रस्त रहा। विद्युत आपूर्ति ठप होने की वजह से पानी की आपूर्ति भी प्रभावित रही। राजगढ कस्बे में 24 घंटे में दर्जनों बार ट्रिपिंग एवं विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं तार टूटने की घटनाओं से आमजन का जीवन दुश्वार बन गया है। विद्युत निगम के अधिकारियों की निष्क्रियता की वजह से लोगों का दिन का चैन एवं रात की नींद गायब है। समाजसेवी मदन लाल शर्मा एवं पुस्तकालय कार्यकारिणी के सचिव जगमोहन शर्मा सहित अन्य ने विद्युत निगम के अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग की है। गौरतलब है कि कस्बे में शनिवार प्रात: रेलवे स्टेशन के पास 33हजार केवी विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी हो गई। इसके चलते एक कस्बे में 4 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। बिजली आपूर्ति की वजह से अनेक मौहल्ले में पानी की सप्लाई भी नहीं हो सकी। विद्युत वितरण निगम के पूछताछ कार्यालय में संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने से पीडा और बढ जाती है।

कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

- 10 सालों से थी मानसिक रोगी
- 14 जून को पीहर से आई थी ससुराल
- परिजनों ने पैर फिसलने से हादसा होने की आशंका जताई

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के काछवालों की ढाणी में खेत में बने कुएं में गिरने से एक विवाहिता महिला की मौत हो गई। मृतका करीब 10 सालों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। मृतका के परिजनों ने पैर फिसलने से हादसा होने की आशंका जताई है।

श्रीमाधोपुर पुलिस थाने के एसआई बनवारीलाल ने बताया कि मृतका के भाई घनश्याम जोशी निवासी हरडिया (बबाई) तहसील खेतड़ी ने रिपोर्ट दी है कि उसकी बहन सुमन देवी (35) का करीब 15 साल पहले काछवालों की ढाणी निवासी अशोक कुमार शर्मा के साथ विवाह हुआ था। उसकी बहन सुमन करीब 10 सालों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी, जिसका ईलाज भी चल रहा था। दो दिन पहले ही सुमन अपने पीहर हरडिया आई थी और शुक्रवार को वापस अपने ससुराल काछवालों की ढाणी लौटी थी। शुक्रवार शाम को ही उसकी बहन अपने खेत पर बने कुएं पर गई थी, मानसिक स्थिती ठीक नहीं होने के चलते सुमन अचानक कुएं में गिर गई और उसकी मौत हो गई। उसकी बहन की मौत पर उसे किसी पर कोई शक या संदेह नहीं है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से कुएं से शव को बाहर निकलवाया व श्रीमाधोपुर सीएचसी में शव को रखवाया गया। शनिवार दोपहर 12.30 बजे पीहर पक्ष की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि मृतका का एक पुत्र 14 साल का अंशु और एक पुत्री खुशबू 13 साल की है।

विधायक धनकड़ ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

पावटा, (निसं)। विधायक कुलदीप धनकड ने शनिवार को विराटनगर डाक बंगले पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर ही अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं का निस्तारण किया। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने पानी व सडक की समस्या बताई, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन पर बातचीत कर निस्तारण किया एवं पेयजल की समस्याओं को लेकर पानी के टैंकर बढाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विधायक धनकड ने क्षेत्रवासियों की बिजली, पानी, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य से जुडी बुनियादी जरूरतों से संबंधित समस्याओं का समाधान करवाया। इस दौरान विधायक धनकड ने कहा कि विकास कार्यों लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधानसभा क्षेत्र में समग्र विकास की गतिविधियों को बढावा देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जितने भी गांव हैं उनमें पानी, बिजली, सडको, साफ सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं को खत्म किया जाएगा। क्षेत्र से आए लोगों ने नगरपालिका से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर विधायक धनकड ने संबंधित विभाग के अधिकारी से बातचीत कर समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। वही ग्रामीणों ने पुलिस प्रकरण के बारे में भी विधायक धनकड को अवगत कराया, जिस पर पुलिस अधिकारी से बातचीत कर मामले में जल्द कार्रवाई करने को कहा।

दुष्कर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, बालअपचारी निरुद्ध

टोंक, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामलें में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है वही एक बाल अपचारी को निरुद्ध भी किया है। कोतवाली थाना प्रभारी भवँरलाल वैष्णव ने बताया कि 12 जून को नाबालिग के पिता ने मामला दर्ज कराया था कि घर के पास से उसकी पुत्री को दो लड़के बहला-फुसला कर मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपहरण कर ले गए। नाबालिग को सुनसान जगह पर ले जाकर सामूहिक रूप से जबरन दुष्कर्म किया।

नाबालिग ने जब इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। डरा धमका कर आपत्तिजनक फ़ोटो वीडियो बना लिया। दुष्कर्म मामले में पुलिस ने गणेश सैनी पुत्र रामकिशन निवासी सेंट सोल्जर स्कूल के पास और अर्जुन सैनी पुत्र रमेश चंद माली निवासी वार्ड नम्बर 5 मालियों के मंदिर के पास सोलंगपुरा को गिरफ्तार किया है तथा एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया है। मामले की गंभीरता देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एएसपी सरिता सिंह और डिप्टी राजेश विधार्थी के सुपरविज़न में कोतवाली थानाधिकारी भवंरलाल वैष्णव के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

टोंक पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

फर्जी अधिकारी बन ठगी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

- वारदात को अंजाम देने में काम ली जा रही बोलेरो कैंपर जब्त

दूदू, (निसं)। जिले के अधीन मोजमाबाद थाने की पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक चालकों को रायल्टी के फर्जी अधिकारी बनकर ठगी करने के दर्ज करने के प्रकरण में कार्रवाई की जाकर वारदात को अंजाम देने में काम ली जा रही बोलेरो कैंपर को जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक दूदू एवं जयपुर शांतनु कुमार ने बताया कि 14 जून को परिवादी नोरत राम चौधरी निवासी किशनगढ में रिपोर्ट दर्ज कराई की 12 जून को मेरी गाडी क्वाट्र्ज भरकर भीलवाडा से मेला जा रही थी के दौरान एक कैंपर बोलेरो हरियाणा नंबर की में तीन जने सवार थे। गाडी को रोक लिया तथा मोबाइल में गाडी के टीपी दिखा कर बोलोरो गाडी के कागजात सही नहीं है गाडी थाने में लेकर चलो डरा धमका कर बताया कि रॉयल्टी के फ्लाइंग ऑफिसर हम हैं के साथ ही चौदह हजार रूपए नकद व ग्यारह हजार रूपए क्यूं आर कोड से स्कैन कर डलवा लिए गए। प्रकरण की जांच शुरू कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना प्रभारी संजय मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर विभिन्न जगह तलाशी की गई।

इस दौरान आरोपी हरिओम शर्मा उम्र 36 सुभाष समोता उम्र 25 वर्तमान निवासी हरे कृष्णा बिहार कॉलोनी दूदू सोनू सिंह रोहिल्ला निवासी जुलाना हरियाणा को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्तों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर माल भरकर जाती हुई गाडियों का पीछा करते तथा गाडियों को रूकवाकर कागजातों को चेक करने लगते व गाडियों को जब्त करने का दिखाकर वारदातों को अंजाम देखकर रुपए तक लेते थे।

हाईटेंशन लाइन के तारों से छु जाने पर ट्रेलर में लगी आग

- लाखों रूपये कीमत की मशीन का हुआ नुकसान
- दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर पाया काबू
- घटना से राजमार्ग पर एक तरफ जाम लगा, पुलिस ने मशक्कत से जाम खुलवाया
- जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम सांगटेड़ा के पास की घटना

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे से होकर गुजर रहे दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार दोपहर बाद ग्राम सांगटेडा स्थित तिरूपति होटल के सामने एक निजी होटल की पार्किंग में खडे हैवी मशीनरी से लोडेड ट्रेलर के बिजली की हाईटेंशन लाईन के तारों से छू जाने के कारण उसमें आग लग गई।

बताया जा रहा है कि ट्रेलर चालक ट्रेलर को पार्किंग में लगाकर होटल पर खाना खा रहा था। इसी दौरान यह घटना हो गई। ट्रेलर में लाखों रूपये कीमत की हैवी मशीनरी रखी हुई थी। जिसमें आग लग जाने से भारी नुकसान भी हो गया है। आग लगने की सूचना मिलने पर पनियाला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस पर पुलिस ने कोटपूतली नगर परिषद से दमकल मंगवाई। इस दौरान दमकल की चार गाडियों ने करीब आधे घण्टे में आग पर काबू पाया। घटना से राजमार्ग पर एक तरफ जाम भी लग गया। पुलिस ने कडी मशक्कत से जाम को खुलवाया। गनीमत यह रही कि कोई भी बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।

दमकल की चार गाड़ियों ने करीब आधे घण्टे में आग पर काबू पाया।

चैक अनादरण के आरोपी को जेल

कोटपूतली, (निसं)। चैक अनादरण के एक आरोपी को अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं. 02 डॉ. अजय कुमार विश्नोई ने एक वर्ष के साधारण कारावास तथा 4 लाख 80 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है। प्रकरण के तथ्य अनुसार परिवादी जुगल किशोर पुत्र प्रेमचंद सिंघल निवासी गंगा कॉलोनी कोटपूतली ने भवानी शंकर सोनी उर्फ बबलू सोनी निवासी पुरानी सब्जी मण्डी कोटपूतली के विरूद्ध वर्ष 2018 में परिवाद प्रस्तुत किया कि अभियुक्त ने उससे 3 लाख 35 हजार रूपये उधार लिये थे। जिस बाबत तकादा किये जाने पर अभियुक्त ने उक्त राशि का चौक परिवादी को सौंपा, जो परिवादी द्वारा बैंक में प्रस्तुत किये जाने पर अभियुक्त के खाते में धनराशि नहीं होने के कारण अनादरित हो गया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं. 02 डॉ. अजय कुमार विश्नोई ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए अभियुक्त भवानी शंकर सोनी को दोषी ठहराया तथा उसे एक वर्ष के कारावास एवं 4 लाख 80 हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया।

दलित महिलाओं से मारपीट के आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

- मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक, कलेक्टर, एसपी को ज्ञापन भेजा

अलवर, (निसं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की प्रदेश उपाध्यक्ष रईसा एवं दलित शोषण मुक्ति मंच के जिला संयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अलवर को ज्ञापन भेजकर एनईबी विस्तार निवासी गरीब दलित महिलाओं की पिटाई और बेअदवी के आरोपी कला कॉलेज प्राचार्य अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी वसुंधरा चौधरी के खिलाफ त्वरित कडी कानूनी कार्यवाही की मांग की है। दलित महिलाओं को सताने के लिए वसुंधरा चौधरी के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत जांच कर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही पुलिस जांच अधिकारी बदलने की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख है कि बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के प्राचार्य अशोक आर्य और इनकी पत्नी वसुंधरा चौधरी जाति जाट जो सरकारी शिक्षक है के खिलाफ किशनलाल पुत्र आशाराम जाति जाटव हाल निवासी 3/189 एनईबी विस्तार, अलवर की शिकायत पर दिनांक 22.05.2024 को अलवर के एनईबी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोपी अशोक आर्य एवं इनकी पत्नी के खिलाफ महिलाओं को बेअदव करने, मारपीट, गाली गलौंच और धमकी के संगीन आपराधिक कृत्य में मुकदमा दर्ज हुए बहुत समय हो गया है। पीडित किशनलाल जाटव एवं इनकी पत्नी और बेटी अनुसूचित जाति के सदस्य हैं। प्रकरण में पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है,जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद है। आरोपियों को पीड़ितों से धमकियां मिल रही हैं। आरोपी कहते हैं कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड सकता। हमारी बडे अधिकारियों और राजनेताओं से जानकारी है। पीडित दलित मजदूर परिवार बुरी तरह भयभीत हैं। आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह परेशान है।

सार-समाचार

कर्नल राज्यवर्धन ने पशुपतिनाथ मंदिर में पाटोत्सव में दर्शन-पूजन किया

जयपुर, (निसं)। राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने मुहाना स्थित श्री सिद्ध पीठ धाम श्री पशुपतिनाथ मंदिर में पाटोत्सव के शुभ अवसर पर दर्शन-पूजन किया और कैलाश महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर सभी के सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना की। कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने क्षेत्रवासियों से शिष्टाचार भेंटकर कुशलक्षेम जाना और सबके साथ प्रसाद ग्रहण किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने पाटोत्सव के अवसर पर महाआरती एवं ब्रह्मलीन अशोक महाराज की मूर्ति का अनावरण कर भगवान पशुपतिनाथ का विभिन्न तीर्थों के जल और फलों के रस से अभिषेक किया। साथ ही बाबा स्त्रामदास महाराज के समाधि स्थल को फूलों से सजाकर लड्डुओं का भोग लगाया और समाधि स्थल की पूजा कर आरती की।

अलवर के निखिल ने जीता गोल्ड मेडल

अलवर, (निसं)। अलवर शहर निवासी निखिल वर्मा ने दिल्ली में आयोजित आईएचएफएफ (इंटरनेशनल हेल्थ स्पोर्ट्स एवम फिटनेस फेस्टिवल-2024) में गोल्ड मैडल जीता हैं। निखिल ने यह मेडल जीतने का श्रेय स्पार्टन्स जिम संचालक वरिष्ठ जिम ट्रेनर शुभम चौहान को दिया है। वो शहर के रोड नंबर 2 स्थित स्पार्टन जिम में काफी समय से जिम करते हैं। निखिल ने गोल्ड मैडल जीतकर अलवर का नाम रोशन किया है जिससे जिम प्रेमियों में ख़ुशी की लहर हैं। निखिल ने बताया की दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कॉम्पीटिशन के जूनियर वर्ग में उन्हें यह मैडल मिला हैं। मैडल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरूजी भूपेंद्र धवन द्वारा दिया गया। जूनियर वर्ग में 100 केजी में खेलकर 165 केजी वजन उठाया था। जूनियर वर्ग में 18 से 23 साल के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बेंच प्रेस में गोल्ड मैडल जीता हैं।

दो दिवसीय रामध्वनी सम्पन्न

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम काचरोदा स्थित श्री ठण्डीराम बाबा अखाडा बालाजी मन्दिर परिसर में दो दिवसीय रामध्वनी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पण्डित राजेन्द्र शर्मा के सानिध्य में पुष्प मालाओं से श्रृंगार कर बालाजी श्रृंगार कर मनमोहक झांकी सजाई गई। इसके साथ ही विशेष पूजा अर्चना करवाई गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए धर्मप्रेमी पवन नराणियां ने बताया कि पूजा अर्चना में मुख्य यजमान के रूप में कैलाश चन्द मारोठिया व सोनी देवी रही। इस अवसर टीकम चन्द नागा, नवल किशोर शर्मा, रामावतार नागा, पवन नरानिया, मुकेश मारोठिया, हरीश बडीवाल, नेमीचन्द कुमावत, पुरषोत्तम शर्मा, पूरणमल सारडीवाल, विरेन्द्र कुमावत, गुलाब चंद कुमावत, हीरालाल कुमावत, भवानी कुमावत, जमनालाल वर्मा, गोपाल कुमावत, मनोहर सिंह, जय कुमावत, मनोज गोरामा, राजेन्द्र जांगिड, मुकेश सैन, किशन कुमावत, कमलेश कुमावत, रामप्रसाद जांगिड, कैलाश मीना, कैलाश गोरामा, जुगल कुमावत, कानाराम गुर्जर सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

ज्ञानदेव ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई

गोविन्दगढ/अलवर, (निसं)। रामगढ के पूर्व विधायक व भाजपा के राष्ट्रीय प्रतिनिधि ज्ञानदेव आहूजा ने गोविंदगढ में पशु चिकित्सालय के सामने भवन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम में अलवर सांसद भूपेंद्र यादव की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने व राज सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहां। नगर पालिका गोविंदगढ के वार्डो का पुनर्शिमांकन करवाने के लिए अधिकारियों से संपर्क रखने के लिए भी कहा । कार्यक्रम में रवि सनातनी मंडल अध्यक्ष, गोपाल सोलंकी ,श्याम अरोड़ा ,धर्मेंद्र स्वामी, कुलदीप शर्मा, राजकुमार शर्मा, लाखन सोलंकी ,अंशुल गुप्ता, लोकेश विजय ,रमेश मीणा, फूल मीणा मौजूद रहे।

केबिनेट मंत्री ने ली बैठक

मालपुरा, (निसं)। बीते तीन साल से कार्यवाहक अधिकारी व कर्मचारी के साथ-साथ संविदाकर्मियों के हवाले तथा बैसाखियो के सहारे चल रही मालपुरा नगरपालिका का अब कायाकल्प होगा। केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने पालिका अध्यक्ष व पार्षदों की संयुक्त बैठक ले व्यक्तिगत व राजनैतिक द्वेषता को भूल शहर के विकास कार्य में एकजुट होने की पार्षदों को नसीयत दी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के पांच महीने बाद केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी आनन-फानन में मालपुरा शहर से पांच किमी दूर अविकानगर गेस्ट हाऊस के सभागार में मालपुरा नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में स्थानीय भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में पहुंचे पार्षदों से मंत्री ने एक-एक कर संवाद करते हुये लम्बे समय से अवरूद्ध पडे मालपुरा शहर के विकास को गति देने के लिये सुझाव दिये गये तथा पार्षदों की पीडा भी सुनी गई। मंत्री की इस महत्वपूर्ण बैठक में लगभग दस पार्षदों की गैर मौजूदगी भी चर्चा का विषय रही।

लाइन टूटी, गार्डन में पानी की सप्लाई बंद

सांभरझील, (निसं)। यहां तेली दरवाजा रोड स्थित सार्वजनिक नेहरू बालोद्यान की पेयजल लाइन करीब 10 दिनों से टूटी पडी है। इसकी वजह से गार्डन में पानी की सप्लाई बंद हो गई है। भीषण गर्मी में पेड पौधे सूख रहे हैं। वकील सुनील शर्मा बताते हैं कि जलदाय विभाग की इससे ज्यादा और क्या घोर लापरवाही हो सकती है कि लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं और सडक पर हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।